# हरियाणा विधान सभा

**दिसंबर 2023**

**अतारांकित प्रश्न**

## 15 दिसम्बर 2023

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### रास्तों को पक्का करना

1 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले 33 फीट (6 करम) रास्तों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा पक्का किया जाना है तथा ऐसे रास्तों के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है?

----

### रास्तों को पक्का करना

2 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले 27.5 फीट (5 करम) रास्तों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा पक्का किया जाना है तथा ऐसे रास्तों के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है?

----

### रास्तों को पक्का करना

3 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले रास्ते 16.5 (3 करम) का ब्यौरा क्या है जिसे सरकार द्वारा पक्का किए जाने की संभावना है तथा इन रास्तों के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है?

----

## गौच्छी ड्रेन की वर्तमान स्थिति

4 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)**:

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि बल्लभगढ़/ फरीदाबाद/ एनआईटी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र से गुजरने वाली गौच्छी ड्रेन के संबंध में श्री मूल चंद शर्मा की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में एक बैठक हुई थी; यदि हां, तो बैठक में हुई चर्चा का ब्यौरा क्या है;

(ख) गौच्छी ड्रेन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त ड्रेन में बहने वाले पानी की गुणवत्ता क्या है तथा अंतिम बार पानी की गुणवत्ता की जांच कब की गई थी;

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को डी.पी.आर बनाकर भेजने के लिए कहा है तथा इस संदर्भ में प्रदूषण विभाग के अधिकारियों द्वारा दिनांक 4 जून, 2022 को निरीक्षण किया गया था तथा संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या उपरोक्त ड्रेन के सौंदर्यीकरण तथा ड्रेन में गंदा पानी एकत्रित होने से रोकने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## सड़कों/गलियों को तोड़ने की अनुमति

5 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)**:

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में 1 जनवरी, 2020 से विभिन्न नगर पालिकाओं, नगर निगमों तथा नगर परिषदों में शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा निजी कम्पनियों को सड़कों/गलियों को तोड़ने की अनुमति जारी की गई है; यदि हां, तो उसका जिला- वार तथा कम्पनियों का नाम वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य में नगर पालिकाओं, नगर निगमों तथा नगर परिषदों में सड़कों/गलियों को तोड़ने या सड़कों/गलियों की कटिंग करने के लिए अनुमति दी जाती है तथा

उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) उन शर्तों का ब्यौरा क्या है जिन पर नगर पालिकाओं, नगर निगमों तथा नगर परिषदों को उक्त अनुमति दी जाती है तथा निजी कम्पनियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई जिन्होंने शर्तें पूरी नहीं की;

(घ) नगर पालिकाओं, नगर निगमों तथा नगर परिषदों से अनुमति लिए बिना सड़क/ गली तोड़ने वाली कम्पनियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा

(ड) किसी कंपनी को सड़क/गली तोड़ने के लिए दी जाने वाली अनुमति का आधार क्या है?

----

## पावर प्रेस मशीन की गुणवत्ता जांच

6 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में जिन उद्योगों में पावर प्रेस मशीनों का उपयोग किया जा रहा है उनमें सरकार द्वारा मशीनों की गुणवत्ता जांच करने की समय अवधि क्या है;

(ख) गुरुग्राम तथा फरीदाबाद जिले में औद्योगिक विभाग द्वारा अंतिम बार गुणवत्ता जांच कब करवाई गई थी तथा उसकी जांच रिपोर्ट का जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या फरीदाबाद/गुरुग्राम में ऐसे उद्योगों में जहां पावर प्रेस मशीन का कार्य होता है, आधुनिक तकनीक की सेंसर सुसज्जित पावर प्रेस मशीनों का उपयोग किया जा रहा है या नहीं तथा उनकी कंपनी वार सूची क्या है तथा ऐसी कंपनियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं जिनके द्वारा सेंसर वाली पावर प्रेस मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है; तथा

(घ) जनवरी, 2015 से 30 नवंबर, 2023 तक उद्योगों में पावर प्रेस मशीनों पर कार्य करने के दौरान घायल हुए मजदूरों की संख्या कितनी है तथा दिव्यांग हुए मजदूरों की संख्या कितनी है तथा उसका जिलावार तथा कंपनी का नामवार ब्यौरा क्या है?

----

## पेंशन लाभार्थियों की संख्या

7 **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) 1 जनवरी, 2019 के पश्चात् राज्य में वृदावस्था, दिव्यांग तथा विधवा लाभार्थियों की वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है जिनकी पेंशन बंद हो गई है तथा उक्त पेंशन किस आधार

पर बंद की गई है तथा सिरसा जिले का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) सरकार द्वारा जिला स्तर पर पेंशन बनाने का अधिकार किस अधिकारी को दिया गया है?

----

## विज्ञापन पर खर्च की गई कुल राशि

8 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) वर्ष 01-01-2022 से 30 -11- 2023 तक सरकार द्वारा विज्ञापनों पर विभिन्न माध्यमों जैसे कि समाचार-पत्र, सरकारी बसों पर, यू-ट्यूब तथा टी.वी. चैनल इत्यादि पर कुल कितना खर्च किया गया है तथा उनका मद-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) राज्य में सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों से संबंधित बहुत से विज्ञापनों को किस माध्यम से प्रकाशित किया गया है तथा सभी उपरोक्त विज्ञापनों पर माध्यम-वार तथा मद-वार खर्च की गई राशि के साथ-साथ इसका ब्यौरा क्या है?

----

## ग्रुप ए तथा बी के विज्ञापित पदों की संख्या

9 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2023 तक ग्रुप ए तथा ग्रुप बी पदों के श्रेणी-वार जारी किए गए विज्ञापनों का ब्यौरा क्या है तथा उनका प्रकाशन कब किया गया;

(ख) उपरोक्त विज्ञापित पदों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है जिन्हें रद्द तथा पुनः विज्ञापित किया गया तथा उक्त सभी पदों का श्रेणी-वार डाटा क्या है तथा इसके कारण क्या हैं;

(ग) उपरोक्त पदों पर कोर्ट केसों की संख्या कितनी है जिनका निर्णय माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा किया गया तथा उनका श्रेणी-वार ब्यौरे के साथ-साथ वे ब्यौरे/कारण क्या हैं जिनके लिए अभ्यार्थियों को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का सहारा लेना पड़ा; तथा

(घ) अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2023 तक उपरोक्त पदों पर अभी तक कितनी भर्तियां की गई तथा कितनी लंबित है तथा उपरोक्त भर्ती का पद-वार तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

----

## ग्रुप बी तथा सी के विज्ञापित पदों की संख्या

10 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2023 तक ग्रुप बी तथा ग्रुप सी पदों के श्रेणी-वार जारी किए गए विज्ञापनों का ब्यौरा क्या है तथा उनका प्रकाशन कब किया गया;

(ख) उपरोक्त विज्ञापित पदों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है जिन्हें रद्द तथा पुनः विज्ञापित किया गया तथा उक्त सभी पदों का श्रेणी-वार डाटा क्या है तथा इसके कारण क्या हैं;

(ग) उपरोक्त पदों पर कोर्ट केसों की संख्या कितनी है जिनका निर्णय माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा किया गया तथा उनका श्रेणी-वार ब्यौरे के साथ-साथ वे ब्यौरे/कारण क्या हैं जिनके लिए अभ्यार्थियों को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का सहारा लेना पड़ा; तथा

(घ) अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2023 तक उपरोक्त पदों पर अभी तक कितनी भर्तियां की गई तथा कितनी लंबित है तथा उपरोक्त भर्ती का पद-वार तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

----

## नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ करना

11 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एव अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि : -

(क)क्या यह तथ्य है कि सफीदों में नर्सिंग महाविद्यालय की आधारशीला चार वर्ष पहले रखी गई है ; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## खराब फसलों का मुआवजा

12 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के किसानों को सरकार द्वारा (वर्ष 2020-21 से) खराब फसलों के मुआवजे का भुगतान किया गया; यदि नहीं, तो उसका गांव-वार ब्यौरा क्या है ?

----

## डॉक्टरों तथा पैरा मैडिकल अमले की भर्ती

13 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या राजकीय भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां में डॉक्टरों व पैरा मेडिकल अमले की नियुक्ति नियमानुसार की गई है; यदि नहीं, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या राज्य के अन्य राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में डॉक्टरों तथा पैरा मैडिकल अमले की नियुक्ति नियमानुसार की गई है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## सीवरेज प्रणाली लगाने के लिए

14 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कालका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव रायपुर रानी में सीवरेज प्रणाली लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक लगाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़कों की मरम्मत करना

15 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं:-

(i) प्यारेवाला से भावली;

(ii) खेतपुराली से दूधगढ;

(iii) खेतपुराली से त्रिलोकपुर; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को कब तक पुनः निर्मित/मरम्मत किए जाने की

संभावना है?

----

## राजकीय महाविद्यालय खोलना

16 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव आटटा में एक राजकीय महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## अस्पताल का दर्जा बढ़ाना

17 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या समालखा के सरकारी अस्पताल का दर्जा 50 बेड से 100 बेड तक बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढाये जाने की संभावना है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त अस्पताल में उपकरणों की कमी है; यदि हां, तो इन उपकरणों को कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त अस्पताल में डॉक्टरों तथा चिकित्सा अमले के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है तथा उसका विवरण क्या है?

----

## खेल स्टेडियम का निर्माण करना

18 **श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव खेड़ा-बख्ता, खरेंटी व आसपास के 5-6 गांवों में कोई खेल स्टेडियम नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों में खेल स्टेडियम का निर्माण कब तक किये जाने की सम्भावना है?

----

## खंड कार्यालय भवन की प्रशासनिक स्वीकृति

**19 श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है की जुलाना खंड कार्यालय के नए भवन के निर्माण की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता पंचायती राज द्वारा यादि पत्र क्रमांक के. पी. आर. सी-2023/8336 दिनांकित 17.03.2023 के माध्यम से दी गई है, लेकिन अभी तक इसकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दी गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रशासनिक स्वीकृति कब तक दिए जाने की सम्भावना है ?

----

## हेपेटाइटिस बी तथा सी के मरीजों की कुल संख्या

**20 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अप्रैल, 2022 से नवम्बर, 2023 तक हेपेटाइटिस बी तथा सी की बीमारी से ग्रस्त रोगियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त बीमारी से ग्रस्त रोगियों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) भविष्य में उपरोक्त बीमारी की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं तथा उसका संपूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं का ब्यौरा

**21 श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) राज्य में 1 जनवरी, 2022 से नवम्बर, 2023 तक माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का वर्ष-वार तथा जिला-वार ब्यौरा क्या है तथा पूर्ण हुई तथा अभी तक प्रक्रियाधीन घोषणाओं की संख्या कितनी है; तथा

(ख) उन घोषणाओं की संख्या कितनी है जिन पर अब तक कार्य आरम्भ नहीं हुआ है तथा उन घोषणाओं की संख्या कितनी है जिन्हें व्यवहार्य घोषित नहीं किया गया है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## विज्ञापनों पर किया गया कुल खर्च

22 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि नवम्बर, 2019 से आज तक बोर्ड, निगम तथा अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी विज्ञापनों पर वर्ष-वार कुल कितना खर्च हुआ है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पराली प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत लाभार्थी

23 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) राज्य में अक्टूबर, 2021 से आज तक पराली प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) आवेदन से लेकर लाभार्थी के बैंक खाते में निधि जमा कराने की समयावधि कितनी है; तथा

(ग) उन मामलों की जिलेवार विस्तृत सूची क्या है जहां सरकार द्वारा लाभार्थियों के बैंक खाते में राशि जमा नहीं करवाई गई तथा उसके कारण क्या हैं ?

----

## साइबर अपराध की घटनाएं

24 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या गृह मन्त्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) वर्ष 2019 से आज तक राज्य में साइबर अपराध की घटनाओं की संख्या कितनी है तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों में घटनाओं के दौरान वित्त तथा अन्य नुकसान का जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत दो वर्षों में इस तरह के बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों तथा उठाए गए कदमों का जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) सरकार द्वारा उठाये गए इन कदमों की सफलता दर क्या है ?

----

## अवैध अतिक्रमण को नियन्त्रित करना

25 **श्री चिरंजीव राव ( रेवाड़ी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

1. राज्य में अवैध अतिक्रमण को नियन्त्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ; तथा
2. वर्ष 2015 से आज तक इन अतिक्रमणों पर सरकार द्वारा लगाये गए जुर्माने का ब्यौरा क्या है?

----

## अवैध निर्माण पर अपनाए गए मानदंड

26 **श्री चिरंजीव राव ( रेवाड़ी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्ष 2019 से आज तक अनधिकृत कॉलोनियों में अवैध निर्माण को लेकर रेवाड़ी प्रशासन द्वारा क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(ख) इन कॉलोनियों के फैलाव को रोकने के लिए रेवाड़ी प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ग) क्या इन कॉलोनियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## चिकित्सकों का वेतनमान

27 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार के दो विभागों अर्थात् चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों के वेतनमान में बहुत असमानता है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि एक समान योग्यता होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत्त चिकित्सकों की तुलना में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्य करने वाले चिकित्सक पदोन्नति में बेहतर रास्ते तथा बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त करते हैं; तथा

(ग) यदि हां, तो इस असमानता के कारण क्या हैं तथा इस असमानता को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण करना

28 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हमीदा (कोड नं. 0216) के भवन को असुरक्षित घोषित किया कर दिया गया है; यदि नहीं, तो इसको कब तक असुरक्षित घोषित कर दिया जाएगा; तथा

(ख) उक्त विद्यालय के पुराने भवन को गिराकर नए भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उस पर कितना बजट खर्च होने की संभावना है?

----

## उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

29 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव अहिरका में उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

----

## चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

30 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या जींद शहर के पटियाला चौक से नरवाना सड़क बाई-पास तक चारमार्गी सड़क बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार को विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## नई शिक्षा नीति लागू करना

31 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में नई शिक्षा नीति (2020) को लागू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उपरोक्त नीति को कब तक लागू कर दिए जाने की संभावना है?

----

## बसों से संबंधित ब्यौरा

32 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्ष 2014 तथा 2023 में बसों की स्वीकृत संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2014 से आज तक खरीदी गई एवं अनुपयोगी घोषित की गई बसों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 2014 से आज तक चालू हालत में बसों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(घ) महिला यात्रियों के लिए खरीदी गई गुलाबी रंग की बसों की संख्या कितनी है तथा राज्य में महिलाओं के लिए समर्पित इन बसों को न चलाने के कारण क्या हैं;

(ङ) बसों की कार्य जीवन अवधि 8 वर्ष से 15 वर्ष करने का औचित्य क्या है;

(च) नई बसों (मामले में) की खरीद में देरी के कारण क्या हैं?

----

## मुख्यमंत्री घोषणाओं का ब्यौरा

33 **श्रीमती सीमा त्रिखा (बड़खल):**

क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि दिनांक 07-06-2015 को बडखल "विकास रैली" में माननीय मुख्यमन्त्री द्वारा की गई घोषणाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

34 **श्री हरविंदर कल्याण ( घरौंडा):**

क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि घरौंडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के यमुना क्षेत्र के गांवों में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है?

----

## किसानों को मुआवजा

35 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में भारी वर्षा/जल भराव के कारण क्षतिग्रस्त हुई रबी फसल, 2022 का मुआवजा अब तक प्रभावित किसानों को वितरित नहीं किया गया है;

(ख) नूहं जिले के प्रभावित किसानों को 41 करोड रुपए की कुल राशि में से लगभग 32 करोड रुपए की राशि का मुआवजा अब तक वितरित न किये जाने के क्या कारण हैं; तथा

(ग) इस मुआवजे के वितरण में देरी के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों/ अधिकारियों के नाम क्या हैं तथा ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(घ) क्या राज्य के अन्य जिलों में भी मुआवजे का वितरण लंबित है?

----

## चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

36 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या नूहं करबे से अलवर, राजस्थान सीमा तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-248 ए) सड़क के बुरी तरह क्षतिग्रस्त/न चलने योग्य भाग की मरमम्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक आरम्भ होने तथा पूरा किये जाने की सम्भावना है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ?

----

## शिव धाम योजना के अंतर्गत सुविधाएं उपलब्ध करवाना

37 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या पंचायत एवं विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है की झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव अर्थात गुढ़ा, मातनहेल, भूरावास, रेढुवास, लडायन, मुंडसा, रुड़ीयावास, कोंडरावाली, धनीरावास, सुन्दरहेती, बम्बुलिया, ढानिया, झान्स्वा, भढ़ाना तथा झज्जर शहर के शमशान घाटों में सुविधाओं की कमी है; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार की शिवधाम योजना के अंतर्गत उपरोक्त गांवों के शमशान घाटों में सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवाए जाने की सम्भावना है ?

----

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं

38 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपा बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर शहर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 7,8,9, 9(ए) तथा 10 के लिए अधिग्रहित भूमि का इंतकाल/म्यूटेशन अभी तक पंजीकृत नहीं किया गया है; तथा

(ख) झज्जर शहर के पूर्ण रूप से विकसित सेक्टर- 6, सेक्टर- 9 तथा अन्य सेक्टरों, जो बहुत खराब स्थिति में है, उनमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा उचित सड़कें , पार्कों, सफाई और पुलिस पोस्ट जैसी मूलभूत सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## परिवहन के लिए व्यवस्था करना

39 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय, छात्रों की संख्या कम होने की वजह से बंद किये जा रहे हैं; तथा

(ख) क्या ऐसे विद्यालय, जो कि बंद होने वाले हैं, उनके छात्रों को अन्य साथ लगते गांवों के विद्यालय तक ले जाने व छोड़ने के लिए परिवहन की व्यवस्थाएं करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## आयुष्मान कार्ड के ब्यौरे

40 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य के गरीब लोगों को आयुष्मान कार्ड पर निजी अस्पतालों में ईलाज मिल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो गत एक वर्ष के दौरान आयुष्मान कार्ड पर निजी अस्पतालों में ईलाज करवाने वाले लोगों की जिले-वार संख्या कितनी है; तथा

(ग) गरीब लोगों के ईलाज के चिकित्सा खर्चे के सम्बन्ध में सरकार द्वारा निजी अस्पतालों को किये भुगतान का ब्यौरा क्या है?

----

| | |
|---|---|
| चंडीगढ़. | राजेन्द्र कुमार नांदल, |
| दिनांक 15 दिसंबर, 2023. | सचिव |